# कारोबारी घरानों की सूची में यूपी का दबदबा बढ़ा

## बार्कलेज हुरुन इंडिया लिस्ट : पहली बार सूची से कानपुर गायब, लखनऊ की पीटीसी फैमिली ने बनाई जगह

अभिषेक गुप्ता

**लखनऊ।** देश के रसूखदार परिवारों और कारोबारी गलियारों में यूपी का दबदबा बढ़ रहा है। इसी का नतीजा है कि बार्कलेज हुरुन इंडिया की ओर से जारी देश के सबसे मूल्यवान कारोबारी घरानों की सूची में प्रदेश के 19 परिवार शामिल हैं। इनकी नेटवर्थ करीब 10 लाख करोड़ रुपये है। पहली बार कानपुर सूची में नहीं है। बता दें कि कानपुर से पिछली सूची में घड़ी और जेके फैमिली शामिल थीं।



सचिन अग्रवाल

एक साल में यूपी के कारोबारी घरानों की सूची में संख्या 16 से बढ़कर 19 हो गई है। यूपी के घरानों में लखनऊ की पीटीसी इंडस्ट्रीज और आगरा की अग्रवाल फैमिली है। वहीं, 15 घराने नोएडा और दो गाजियाबाद के हैं। लखनऊ की पीटीसी फैमिली ने 23400 करोड़ के कारोबार के साथ सूची में जगह बनाई है।

- **1100 करोड़ रुपये न्यूनतम नेटवर्थ होने पर सूची में किया जाता है शामिल**
- **7100 करोड़ रुपये हर घंटे कमाए देश के सूची में शामिल कारोबारी घरानों ने**
- **14 लाख करोड़ के कारोबार के साथ अदाणी परिवार प्रथम पीढ़ी कारोबारी घरानों में शीर्ष पर**

### 56 देशों की जीडीपी से ज्यादा नेटवर्थ

देश के सबसे मूल्यवान फैमिली बिजनेस की सूची में 300 परिवार हैं। इनका कुल कारोबार 134 लाख करोड़ रुपये है जो तुर्की व फिनलैंड समेत 56 देशों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से ज्यादा है।

- **20 लाख लोगों को दे रहे रोजगार :** सूची में शामिल 300 कारोबारी परिवार 20 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार दे रहे हैं। इन परिवारों ने 1.8 लाख करोड़ रुपये आयकर दिया। वहीं, 22 कंपनियों की कमान महिलाओं के हाथों में है। 89% कंपनियां उत्पाद और 11% सेवाएं बेचती हैं।

**अंबानी परिवार शीर्ष पर काबिज :** अंबानी परिवार 28.2 लाख करोड़ रुपये के मूल्य के साथ सूची में शीर्ष पर है। वहीं, 6.5 लाख करोड़ के साथ कुमार मंगलम बिड़ला परिवार दूसरे और 5.7 लाख करोड़ के साथ जिंदल परिवार तीसरे स्थान पर है। यूपी में नोएडा के जैक्सन ग्रुप की समीर गुप्ता फैमली 11वें, झुनझुनवाला फैमिली (एचईजी) 12वें, पुरी फैमिली (इसजैक हैवी इंजीनियरिंग) 13वें, केआरबीएल फैमिली (केआरबीएल ग्रुप) 14वें, गौतम फैमिली (शीला फोम) 15वें, गाजियाबाद की गौर फैमिली (गौरसंस इंडिया) 16वें, श्रीकांत सोमानी फैमिली (सोमानी सेरेमिक्स, नोएडा) 17वें, अग्रवाल फैमिली (वेसमैट ग्रुप, आगरा) 18वें पायदान पर हैं।

**यूपी में टॉप 10 कारोबारी**

| कारोबारी घराना | बिजनेस नाम | वैल्यू (करोड़) | मुख्यालय |
|---|---|---|---|
| नादर फैमिली | एचसीएल टेक्नोलाजी | 468900 | नोएडा |
| अनिल राज गुप्ता फैमिली | हैवल्स इंडिया | 97400 | नोएडा |
| बर्मन फैमिली | डाबर इंडिया | 88300 | गाजियाबाद |
| मनोहर अग्रवाल फैमिली | हल्दीराम स्नैक्स | 85800 | नोएडा |
| विवेक जैन फैमिली | आईनॉक्स जीएफएल | 57600 | नोएडा |
| संजय गुप्ता फैमिली | एपीएल अपोलो ट्यूब्स | 54300 | नोएडा |
| साहनी फैमिली | त्रिवेणी टरबाइन | 27800 | नोएडा |
| धर्मपाल सत्यपाल | डीएस ग्रुप | 24000 | नोएडा |
| सचिन अग्रवाल फैमिली | पीटीसी इंडस्ट्रीज | 23400 | लखनऊ |
| अनुराग गुप्ता फैमिली | पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट | 21400 | नोएडा |